# SCHOLARS ACADEMY

SSC | IBPS | NDA | RAILWAY | COMMERCE

*"Your commitment paired with our coaching is a path of your success"*

*Join Us Now*
*And Start Your Success Journey*

01141676717
info@scholarsssacademy.in
www.scholarssscacademy.in



Rajnish Bhatnagar


# SBI PO Pre

**प्रश्नों को हल करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

**उम्मीदवारों को निर्देश**

(1) इस पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं, जो कि कुल **3 भागों** में विभाजित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **भाग -(I)** | **: तार्किक योग्यता** | **(30 प्रश्न)** |
| **भाग -(II)** | **: मात्रात्मक योग्यता** | **(30 प्रश्न)** |
| **भाग -(III)** | **: अंग्रेजी भाषा** | **(40 प्रश्न)** |

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा सबके बराबर अंक हैं।

(3) प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करने से पहले आपको इस पुस्तिका की जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसमें सभी पृष्ठ उपस्थित हैं और कोई पृष्ठ कम या बदला हुआ नहीं है। अगर आपको इस पुस्तिका में कोई दोष मिलता है, तो आपको तुरंत इसे बदलना होगा।

(4) **प्रत्येक प्रश्न में नकारात्मक अंकन होता है क्योंकि प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काट दिया जाएगा।**

(5) आपको निरीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिका अलग से दी जाएगी। आपको प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करने से पहले अपना नाम, रोल नंबर, टेस्ट नाम आईडी और/परीक्षा का नाम उत्तर-पुस्तिका पर सावधानीपूर्वक पूरा/ करना होगा। आपको उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर भी करना होगा। इन निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए, जिसको न करने पर आपकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और आपको- **'शून्य' अंक** दिया जाएगा।

(6) उत्तर केवल **ब्लैक/ब्लू बॉल पेन** द्वारा उत्तर- पुस्तिका प्रासंगिक प्रश्न संख्या के सम्बंधित गोले को पूरी तरह से ब्लैक करके दिखाया जाना चाहिए।

(7) **OMR** उत्तर पुस्तिका को एक मशीन द्वारा जांचा जायेगा। यदि किसी स्थिति में उपलब्ध जानकारी, आवेदन पत्र में दी गयी जानकारी से अलग पायी गयी, तो आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

(8) निरीक्षक की अनुमति मिलने के बाद ही कोई परीक्षा कक्ष छोड़ सकता है।

(9) उपरोक्त में से किसी भी निर्देश का अनुपालन करने में विफल उम्मीदवार को उपयुक्त कार्यवाही/जुर्माना के लिए उत्तरदायी समझा जा सकता है।

(10) जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी और सावधानी से प्रश्नों का उत्तर दें। कुछ सवाल कठिन हो सकते हैं और दूसरे आसान हो सकते हैं। किसी भी प्रश्न पर ज्यादा समय नहीं बिताएं।

(11) मोबाइल फोन और वायरलेस संचार उपकरण, परीक्षा कक्ष कमरे में पूरी तरह से प्रतिबंधित/हैं। कोई भी आवेदक अपने मोबाइल का या किसी वायरलेस संचार उपकरण को बंद करके भी अपने पास नहीं रख सकता। नियम का उल्लंघन करने पर आवेदक के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी और उसका आवेदन भी निरस्त किया जा सकता है।

(12) उत्तर-पत्र पर कोई रफ काम नहीं किया जाना चाहिए।

(13) कोई भी उम्मीदवार परीक्षा पूरा होने से पहले परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ सकता है।

**परीक्षार्थी का नाम:.................................................................**
**दिनाँक:...................... परीक्षा कोड ..............................**
**अनुक्रमांक:.......................................................................**

| | | |
|---|---|---|
| **अधिकतम अंक** | : | **100** |
| **कुल प्रश्न** | : | **100** |
| **निर्धारित समय** | : | **60 मिनट** |

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।**

**SPP-908234126-H**

SCHOLARS ACADEMY

# तार्किक योग्यता

**निर्देश [01-03]:** एक परिवार में तीन पीढ़ियों में सात सदस्य इस प्रकार से हैं कि प्रत्येक विवाहित जोड़े के दो बच्चे हैं।
L, G की दादी/नानी है| P, W का पिता है| K, A की साली/ननद है, जो अविवाहित है| Y की एक बेटी है| W की एक बहन है लेकिन वह A नहीं है|

**1.** L, P से किस प्रकार संबधित है?
**(A)** बहन
**(B)** पत्नी
**(C)** माता
**(D)** साली/भाभी/ननद/देवरानी/जेठानी
**(E)** आंटी

**2.** K, Y से किस प्रकार संबंधित है?
**(A)** बेटी **(B)** बहू
**(C)** पत्नी **(D)** बहन
**(E)** साली/भाभी/ननद/देवरानी/जेठानी

**3.** निम्न में से कौन-सा युग्म सहोदरों का है?
**(A)** YA **(B)** KP
**(C)** PL **(D)** GW
**(E)** YG

**4.** एक निश्चित कोड भाषा में,
"dream night sky" को " $3 d% c7" के रूप में कोडित किया जाता है
"dark colour shirt" को "5e j& py" के रूप में कोडित किया जाता है
"colour your beautiful dream" को "d% 3z 9# j&" के रूप में कोडित किया जाता है
"dark night rises" को "g6 py $3" के रूप में कोडित किया जाता है
"shirt sky" का कोड क्या होगा?
**(A)** j& c7 **(B)** 5e c7
**(C)** $3 5e **(D)** py d%
**(E)** 3z g6

**निर्देश [05-09]:** नौ व्यक्ति- P, Q, R, S, T, U, V, W और X ने समान वर्ष के अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर की 8, 17 या 30 तारीख को सम्मेलन में भाग लिया। लेकिन आवश्यक नहीं कि समान क्रम में हो।
U और Q के बीच दो व्यक्ति सम्मेलन में भाग लेते हैं। V, S से पहले सम्मेलन में भाग लेता है। X से पहले सम्मेलन में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या, P के बाद सम्मेलन में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या के समान है। W सम संख्या वाली तारीख पर सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ। Q और X के बीच तीन व्यक्ति सम्मेलन में भाग लेते हैं। R, U के ठीक बाद लेकिन अलग महीनों में सम्मेलन में भाग लेता है। T और W के बीच केवल एक व्यक्ति सम्मेलन में भाग लेता है।

**5.** V किस दिन सम्मेलन में भाग लेता है?
**(A)** 17 अक्टूबर **(B)** 8 दिसंबर
**(C)** 30 नवंबर **(D)** 8 अक्टूबर
**(E)** 30 दिसंबर

**6.** निम्नलिखित में से चार व्यक्ति किसी न किसी प्रकार से एक दूसरे से संबंधित हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं, निम्नलिखित में से कौन उस समूह से संबंधित नहीं है?
**(A)** S **(B)** V
**(C)** T **(D)** U
**(E)** W

**7.** निम्नलिखित में से किसने दिसंबर में बैठक में भाग लिया?
**(A)** R **(B)** T और S दोनों
**(C)** X **(D)** P और Q दोनों
**(E)** U

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है/हैं?
**I)** W, 17 नवंबर को सम्मेलन में भाग लेता है।
**II)** R से पहले केवल दो व्यक्ति सम्मेलन में शामिल हुए।
**III)** X, 30 दिनों वाले महीने में सम्मेलन में भाग लेता है।
**IV)** P, S से ठीक पहले सम्मेलन में भाग लेता है।
**(A)** I और IV दोनों **(B)** केवल III
**(C)** II और III दोनों **(D)** II, III और IV
**(E)** सभी I, II, III और IV

**9.** Q _____ से ठीक पहले सम्मेलन में भाग लेता है, जो ____________ को सम्मेलन में भाग लेता है।
**(A)** W, 8 अक्टूबर **(B)** S, 30 नवंबर
**(C)** T, 8 दिसंबर **(D)** X, 17 नवंबर
**(E)** V, 30 दिसंबर

**निर्देश [10-14]:** दी गई जानकारी का अध्ययन कीजिये और उसके आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

नौ व्यक्ति - A, B, C, D, E, F, G, H और I अलग-अलग पदों - कॉन्स्टेबल, लांस नायक, हवलदार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (ASI), सब-इंस्पेक्टर (SI), इंस्पेक्टर, डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (DSP), सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (SP) और डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (DIG) के पद पर पुलिस बल में कार्यरत हैं, लेकिन समान क्रम में नहीं। उनमें से प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग व्यंजन अर्थात थाई, इटैलियन, जैपनीज, चाइनीज, फ्रेंच, मैक्सिकन, जर्मन, कोरियन और भारतीय व्यंजन पसंद हैं।
**नोट:** बढ़ते क्रम में उनके पद इस प्रकार हैं कि कॉन्स्टेबल सबसे कनिष्ठ व्यक्ति है, जबकि DIG सबसे वरिष्ठ व्यक्ति है।
I, E से कनिष्ठ है और फ्रेंच व्यंजन पसंद करता है। थाई और जर्मन व्यंजन पसंद करने वाले व्यक्तियों के बीच में अधिकतम दो व्यक्ति पदस्थ हैं। G, SI है तथा G और C के बीच में दो व्यक्ति पदस्थ हैं तथा C को जैपनीज व्यंजन पसंद है। जैपनीज और इटैलियन व्यंजन पसंद करने

SCHOLARS ACADEMY

वाले व्यक्तियों के बीच में चार से अधिक व्यक्ति पदस्थ हैं तथा इटैलियन व्यंजन पसंद करने वाला व्यक्ति न तो सबसे वरिष्ठ हैं और न ही सबसे कनिष्ठ है। F को मैक्सिकन व्यंजन पसंद है और वह इटैलियन व्यंजन पसंद करने वाले व्यक्ति से निकटस्थ वरिष्ठ है। B, H से निकटस्थ वरिष्ठ है और उनमें से किसी को भी इटैलियन व्यंजन पसंद नहीं है। H, G से वरिष्ठ है। भारतीय व्यंजन पसंद करने वाला व्यक्ति, H से निकटस्थ कनिष्ठ है। B को कोरियन व्यंजन पसंद है। A और D के बीच में तीन व्यक्ति पदस्थ हैं तथा D को चाइनीज व्यंजन पसंद है।

**10.** निम्नलिखित में से कौन हवलदार के पद पर पदस्थ है?
**(A)** C
**(B)** E
**(C)** B
**(D)** D
**(E)** I

**11.** इंस्पेक्टर को निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन पसंद है?
**(A)** भारतीय
**(B)** थाई
**(C)** जर्मन
**(D)** फ्रेंच
**(E)** या तो 'थाई' या 'जर्मन'

**12.** B का पद क्या है?
**(A)** DSP
**(B)** SI
**(C)** लांस नायक
**(D)** ASI
**(E)** SP

**13.** यदि F, A से संबंधित है और G, D से संबंधित है, तो E, _____ से संबंधित है।
**(A)** G
**(B)** H
**(C)** C
**(D)** I
**(E)** B

**14.** असंगत युग्म ज्ञात कीजिये।
**(A)** DIG – मैक्सिकन
**(B)** SI - भारतीय
**(C)** कॉन्स्टेबल- फ्रेंच
**(D)** ASI - चाइनीज
**(E)** SP – कोरियन

**15.** संख्या '4649752' में अंकों के ऐसे कितने युग्म हैं जिनके दोनों ओर से गिनने पर उनके बीच उतनी ही संख्याएँ हैं जितनी उनके बीच प्राकृतिक संख्या शृंखला में होती हैं?
**(A)** कोई नहीं
**(B)** एक
**(C)** दो
**(D)** तीन
**(E)** चार

**16.** यदि शब्द "INFLUENCE" के बाईं छोर से पहले, चौथे, सातवें और नौवें अक्षर का प्रयोग करके एक अर्थपूर्ण शब्द निर्मित किया जा सकता है, तो कौन-सा अक्षर इस प्रकार निर्मित शब्द के बाईं छोर से तीसरा अक्षर है? यदि इस प्रकार कोई शब्द निर्मित नहीं किया सकता है, तो अपने उत्तर के रूप में W को चिह्नित कीजिये, जबकि यदि इस प्रकार एक से अधिक शब्द निर्मित किये जा सकते हैं, तो अपने उत्तर के रूप में X को चिह्नित कीजिये।
**(A)** W
**(B)** R
**(C)** X
**(D)** S
**(E)** E

**निर्देश [17-18]:** एक रैखिक पंक्ति में निश्चित संख्या में व्यक्ति बैठे हैं। सभी उत्तर दिशा की ओर मुखरित हैं। A और P के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। P के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और Q के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं। Q और R के बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। R और D के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं। D के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, B के निकटस्थ बाएँ बैठा है। पंक्ति में 15 से अधिक व्यक्ति नहीं बैठे हैं।

**17.** पंक्ति में कितने व्यक्ति बैठे हैं?
**(A)** 14
**(B)** 16
**(C)** 17
**(D)** 15
**(E)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति R के निकटस्थ दाएँ बैठे व्यक्ति के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है?
**(A)** P
**(B)** A
**(C)** Q
**(D)** D
**(E)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश [19-22]:** दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उस पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

विभिन्न ब्रांडों - कॉम्पैक, लॉजिटेक, HP, कोर्सेर, डेल, जेब्रोनिक्स, माइक्रोसॉफ्ट और लेनोवो के कीबोर्ड वाले आठ बक्से एक दूसरे के ऊपर एक स्टैक बनाकर रखे गए हैं। जेब्रोनिक्स और लेनोवो कीबोर्ड के बीच दो बॉक्स रखे गए हैं और उनमें से कोई भी या तो स्टैक पर सबसे ऊपर या सबसे नीचे नहीं रखा गया है। लॉजिटेक और जेब्रोनिक्स कीबोर्ड के बीच तीन बॉक्स रखे गए हैं। डेल कीबोर्ड को माइक्रोसॉफ्ट कीबोर्ड के ऊपर रखा गया है और माइक्रोसॉफ्ट कीबोर्ड को कॉर्सेर कीबोर्ड के आसन्न नहीं रखा गया है। HP कीबोर्ड को कॉम्पैक कीबोर्ड के ठीक ऊपर रखा गया है तथा इनमें से कोई भी ज़ेब्रोनिक्स के आसन्न नहीं है। HP और कोर्सेर कीबोर्ड के बीच चार बॉक्स रखे गए हैं।

**19.** इनमें से कौन-सा कीबोर्ड सबसे ऊपर रखा गया है?
**(A)** कॉम्पैक
**(B)** HP
**(C)** जेब्रोनिक्स
**(D)** माइक्रोसॉफ्ट
**(E)** लॉजिटेक

**20.** लेनोवो कीबोर्ड के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?
**(A)** तीन
**(B)** एक
**(C)** पाँच
**(D)** चार
**(E)** छह

SCHOLARS ACADEMY

**21.** कौन-सा कीबोर्ड कॉर्सेर कीबोर्ड के ठीक नीचे रखा गया है?
**(A)** माइक्रोसॉफ्ट **(B)** लेनोवो
**(C)** डेल **(D)** जेब्रोनिक्स
**(E)** उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**22.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
**(A)** माइक्रोसॉफ्ट कीबोर्ड को सबसे नीचे रखा गया है।
**(B)** डेल और कॉम्पैक कीबोर्ड के बीच तीन बॉक्स रखे गए हैं।
**(C)** लेनोवो और HP कीबोर्ड एक दूसरे के आसन्न रखे गए हैं।
**(D)** लॉजिटेक कीबोर्ड के ऊपर छह बॉक्स रखे गए हैं।
**(E)** कोई भी सत्य नहीं है।

**निर्देश [23-25]:** निश्चित संख्या में व्यक्ति एक वृत्ताकार मैदान की परिधि पर अंदर की ओर मुखरित होकर खड़े हैं।

A, J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर है। C, J के या तो दाईं ओर या बाईं ओर सातवें स्थान पर है। C, E और I के ठीक बीच में खड़ा है। D, A का पड़ोसी है और वह I के बाईं ओर चौथे स्थान पर खड़ा है। H, I के दाईं ओर से पाँचवें स्थान पर खड़ा है। H, E के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर खड़ा है।

**23.** A के दाईं ओर से गणना करने पर A और H के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?
**(A)** चार **(B)** ग्यारह
**(C)** नौ **(D)** तेरह
**(E)** चार से कम

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
**I.** C, A के बाईं ओर से चौथे स्थान पर खड़ा है।
**II.** I, J का निकटस्थ पड़ोसी है।
**III.** C और E के साथ-साथ E और H के बीच में तीन व्यक्ति खड़े हैं।
**(A)** केवल III **(B)** केवल I
**(C)** II और III दोनों **(D)** केवल II
**(E)** I, II और III सभी

**25.** यदि Q, E और I के ठीक बीच में खड़ा है, तो H के सन्दर्भ में Q का स्थान क्या है?
**(A)** दाईं ओर से दूसरा **(B)** बाईं ओर से तीसरा
**(C)** बाईं ओर से छठा **(D)** दाईं ओर से तीसरा
**(E)** निकटस्थ बाईं ओर

**26.** नीचे दिए गए प्रश्न में, एक कथन के आधार पर दो निष्कर्ष दिए गए हैं। निष्कर्षों का अध्ययन कीजिए और उत्तर के रूप में सही विकल्प का चयन कीजिए।
**कथन:** $A = N > I \le E = R; V \ge E < Y$
**निष्कर्ष: I:** $A < V$ **II:** $Y \ge R$
**(A)** I और II दोनों अनुसरण करते हैं
**(B)** केवल I अनुसरण करता है
**(C)** न तो I और न ही II अनुसरण करता है
**(D)** या तो I या II अनुसरण करता है
**(E)** केवल II अनुसरण करता है

**27.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए, यह ज्ञात कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष सत्य है/हैं और फिर उसके अनुसार अपना उत्तर दीजिए।
**कथन:** $E > F < G = H \le U < Y > T; H > P$
**निष्कर्ष: I:** $P < T$ **II:** $F < P$
**(A)** निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
**(B)** या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
**(C)** न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
**(D)** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
**(E)** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**28.** निम्नलिखित प्रश्न में तीन कथन दिए गए हैं और इन कथनों के नीचे तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। उस विकल्प का चयन करें जो सामान्यतः ज्ञात तथ्यों का अवहेलना करते हुए, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करने वाले निष्कर्ष को दर्शाता है।
**कथन:** कुछ नाइक, प्यूमा हैं
सभी प्यूमा, बाटा हैं
कोई बाटा, असिक्स नहीं है
**निष्कर्ष: I:** कोई बाटा, नाइक नहीं है
**II:** कोई प्यूमा, असिक्स नहीं है
**III:** कुछ नाइक के असिक्स होने की संभावना है
**(A)** केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
**(B)** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
**(C)** केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
**(D)** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
**(E)** निष्कर्ष I, II और III सभी अनुसरण करते हैं

**29.** निम्नलिखित प्रश्न में कथन और निष्कर्ष दिए गए हैं। तार्किक रूप से **अनुसरण नहीं करने वाले** निष्कर्षों वाले विकल्प का चयन कीजिए।
**कथन:** सभी ब्रांडेड, न्यू हैं।
कुछ न्यू, ओल्ड हैं।
कोई ओल्ड, डर्टी नहीं हैं।
केवल शर्ट, डर्टी है।
**निष्कर्ष: I.** कुछ शर्ट, ओल्ड हैं।
**II.** कुछ ब्रांडेड के ओल्ड होने की संभावना है।
**III.** कोई न्यू, डर्टी नहीं है।
**(A)** I और III दोनों **(B)** केवल II
**(C)** केवल I **(D)** II और III दोनों
**(E)** उपर्युक्त सभी

**30.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में कुछ कथन और उसके बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न

प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष सामान्यत: ज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
**कथन:** सभी कैट, डाइम हैं।
कुछ डाइम, जेट हैं।
सभी जेट, सैक हैं।
**निष्कर्ष: I.** कुछ सैक, कैट हैं।
**II.** कुछ सैक, डाइम हैं।
**(A)** यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
**(B)** यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**(C)** यदि या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**(D)** यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**(E)** यदि निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।

## मात्रात्मक योग्यता

**31.** सत्यरूप, सिद्धांत और प्रेमलता तीन मित्र हैं। सत्यरूप, सिद्धांत से 13 वर्ष छोटा है। यदि चार वर्ष पहले, सिद्धांत और प्रेमलता की आयु का अनुपात 11:9 था तथा आठ वर्ष बाद, यह अनुपात 7:6 होगा, तो चार वर्ष बाद सत्यरूप और सिद्धांत की आयु के बीच का अनुपात ज्ञात कीजिए।
**(A)** 3 : 7 **(B)** 7 : 11
**(C)** 3 : 5 **(D)** 3 : 4
**(E)** 7 : 8

**32.** एक टैंक में दो इनलेट पाइप A और B लगे हैं जो कि टैंक को क्रमशः 10 घंटे और 15 घंटे में भर सकते हैं। टैंक में एक रिसाव है जो पूरी तरह से भरे हुए टैंक को 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि पाइप A से शुरू करते हुए पाइप A और पाइप B को एकांतर घंटों पर खोला जाता है, तो टैंक किस घंटे में भर जाएगा?
**(A)** 24वें घंटे **(B)** 25वें घंटे
**(C)** 35वें घंटे **(D)** टैंक कभी नहीं भरेगा
**(E)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** 5 वर्ष बाद जेफ और टिम की आयु का अनुपात 7:10 होगा और 10 वर्ष बाद जेफ और टॉम की आयु का अनुपात 4:7 होगा। जेफ के जन्म से 3 वर्ष पहले टिम 12 वर्ष का था। उनकी वर्तमान आयु का औसत कितना है?
**(A)** 40 वर्ष **(B)** 45 वर्ष
**(C)** 50 वर्ष **(D)** 55 वर्ष
**(E)** 60 वर्ष

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों में, दो कथन क्रमांक I और II दिए गए हैं। उनको हल करने पर, हमें क्रमशः मात्रा I और II प्राप्त करते हैं। दोनों मात्राओं के लिए हल कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
प्रकाश और आकाश ने क्रमशः 14,000 रु. और 12,000 रु. के निवेश से एक व्यवसाय शुरू किए। 1 वर्ष बाद, उनका दोस्त चाहत 21,000 रु. की पूँजी से व्यवसाय में शामिल हुआ।
**मात्रा I:** यदि तीन वर्षों के अन्त में, उन्होंने 45,000 रु. कमाए, तो चाहत के लाभ का हिस्सा कितना होगा?
**मात्रा II:** यदि तीन वर्षों के अन्त में, उन्होंने 45,000 रु. कमाए, तो आकाश के लाभ का हिस्सा कितना होगा?
**(A)** मात्रा I > मात्रा II **(B)** मात्रा I < मात्रा II
**(C)** मात्रा I ≥ मात्रा II **(D)** मात्रा I ≤ मात्रा II
**(E)** मात्रा I = मात्रा II

**35.** निम्नलिखित प्रश्न में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर अनुमानित मान क्या आएगा? (आप सटीक मान ज्ञात करने के लिए अपेक्षित नहीं हैं)
2169.92 का 70.06% + $\sqrt{323.98}$ = 360.85 + ?
**(A)** 1190 **(B)** 1141
**(C)** 1239 **(D)** 1169
**(E)** 1176

**36.** निम्न प्रश्न में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर अनुमानित मान क्या आएगा?
12.001 × 31.997 ÷ 19.887 - 47.112 + 31.879 =?
**(A)** 2 **(B)** 4
**(C)** 7 **(D)** 9
**(E)** 10

**37.** निम्नलिखित प्रश्न में दो समीकरण I और II दिये गये हैं। दोनों समीकरणों को ध्यानपूर्वक हल कीजिये और सही विकल्प का चयन कीजिये।
**I.** $5X^2 - 46X + 48 = 0$ **II.** $3Y^2 + 17Y + 20 = 0$
**(A)** x ≤ y
**(B)** x ≥ y
**(C)** x > y
**(D)** x = y या संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता
**(E)** x < y

**38.** निम्नलिखित प्रश्न में दो समीकरण I और II दिए गए हैं। आपको x और y के बीच सही संबंध स्थापित करने के लिए दोनों समीकरणों को हल करना है और सही विकल्प का चयन करना है।
**I.** $20x^2 - 37x - 18 = 0$ **II.** $4y^2 - 49y + 90 = 0$
**(A)** x > y
**(B)** x < y
**(C)** x = y या संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।
**(D)** x ≥ y
**(E)** x ≤ y

**39.** निम्नलिखित प्रश्न में, दो समीकरण I और II दिए गए हैं। दोनों समीकरणों को ध्यानपूर्वक हल कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

SCHOLARS ACADEMY

**I.** $3X^2 - 48X + 117 = 0$ **II.** $3Y^2 - 87Y + 630 = 0$
**(A)** X < Y
**(B)** X = Y या संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता है
**(C)** X ≥ Y
**(D)** X ≤ Y
**(E)** X > Y

**40.** जॉन अकेले एक काम को 84 दिनों में पूरा कर सकता है, एक साथ टॉम और जेरी समान काम को 63 दिनों में पूरा कर सकते हैं तथा एक साथ जॉन और जेरी समान काम को 42 दिनों में पूरा कर सकते हैं। टॉम अकेले समान काम को कितने दिनों में पूरा करेगा?
**(A)** 140 दिन **(B)** 168 दिन
**(C)** 252 दिन **(D)** 336 दिन
**(E)** 256 दिन

**41.** एक आयत का परिमाप 168 सेमी है और आयत के क्षेत्रफल का संख्यात्मक मान, आयत के विकर्ण के संख्यात्मक मान के वर्ग का 48% है। आयत की लंबाई कितनी है?
**(A)** 48 सेमी **(B)** 40 सेमी
**(C)** 80 सेमी **(D)** 44 सेमी
**(E)** इनमें से कोई नहीं

**42.** दो प्लेटफार्मों की लंबाई 4:5 के अनुपात में है। 10 डिब्बों वाली 200 मी लंबी ट्रेन पहले प्लेटफॉर्म को उतने ही समय में पार करती है, जितना समय समान ट्रेन को 5 डिब्बे हटाकर दूसरे प्लेटफॉर्म को पार करने में लगता है। 20 मी/से की चाल के साथ नगण्य लंबाई वाली एक अन्य ट्रेन को पहला प्लेटफॉर्म पार करने में कितना समय लगेगा?
**(A)** 10 सेकंड **(B)** 15 सेकंड
**(C)** 20 सेकंड **(D)** 25 सेकंड
**(E)** 30 सेकंड

**निर्देश [43-47]:** आँकड़ों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

निम्नलिखित तालिका मई, जून, जुलाई और अगस्त में एक दुकानदार द्वारा बेची गई अलग-अलग वस्तों की संख्या को दर्शाती है।

| महीना | बेडशीट | तौलिया | जींस | शर्ट |
|---|---|---|---|---|
| मई | 1200 | ---- | 1500 | ---- |
| जून | ---- | ---- | 1800 | 1000 |
| जुलाई | 1000 | 800 | 2200 | ---- |
| अगस्त | ---- | 920 | ---- | 1400 |

(तालिका में कुछ आँकड़ें लुप्त हैं)

**43.** यदि सभी चार महीनों में दुकानदार द्वारा बेची गई जींस की कुल संख्या 9000 है, तो अगस्त में दुकानदार द्वारा बेची गई जींस की संख्या कितनी है?
**(A)** 3450 **(B)** 3500
**(C)** 3550 **(D)** 3600
**(E)** 3650

**44.** यदि जून और अगस्त में बेची गई बेडशीट की संख्या का अनुपात क्रमशः 5: 8 है तथा जुलाई और अगस्त में बेची गई बेडशीट की संख्या का योगफल 1600 है, तो जून में बेची गई बेडशीट की संख्या ज्ञात कीजिये।
**(A)** 375 **(B)** 380
**(C)** 385 **(D)** 390
**(E)** 395

**45.** यदि दुकानदार द्वारा बेची गई शर्ट की कुल संख्या 7000 है और मई में बेची गई शर्ट की संख्या, जुलाई में बेची गई शर्ट की संख्या से 30% अधिक है, तो मई और जुलाई में दुकानदार द्वारा बेची गई शर्ट की संख्या के बीच का अंतर कितना है?
**(A)** 700 **(B)** 800
**(C)** 900 **(D)** 600
**(E)** 750

**46.** यदि मई में बेचे गए तौलिये की संख्या, जून और जुलाई में बेची गई जींस की संख्या का 80% है, तो मई में बेचे गए तौलिये की संख्या कितनी है?
**(A)** 3100 **(B)** 3150
**(C)** 3200 **(D)** 3250
**(E)** 3300

**47.** यदि जून में बेचे गए तौलिये की संख्या और अगस्त में बेचे गए शर्ट की संख्या का अनुपात 8 : 7 है, तो जून में बेचे गए तौलिये की संख्या ज्ञात कीजिये।
**(A)** 1520 **(B)** 1540
**(C)** 1560 **(D)** 1580
**(E)** 1600

**48.** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में गलत संख्या ज्ञात कीजिए।
8, 71, 172, 316, 512, 768
**(A)** 71 **(B)** 172
**(C)** 316 **(D)** 512
**(E)** 768

**49.** निम्नलिखित श्रृंखला में गलत पद ज्ञात कीजिए।
36, 56, 74, 96, 120
**(A)** 36 **(B)** 56
**(C)** 74 **(D)** 96
**(E)** 120

**50.** अमित, रघु और विपिन ने अपने प्रारंभिक निवेश के रूप में क्रमशः 14000 रुपये, 10500 रुपये और 17500 रुपये के साथ साझेदारी की। 2 वर्षों के बाद, अमित अपने निवेश से अपनी प्रारंभिक पूंजी का 25% निकाल लेता है और रघु अपने निवेश में अपनी प्रारंभिक पूंजी का

SCHOLARS ACADEMY

16(2/3)% अतिरिक्त जोड़ देता है। 4 वर्षों के बाद, अमित अपने निवेश में 7000 रुपये जोड़ता है और राम 3500 रुपये निकाल लेता है। 12 वर्ष के अंत में कुल लाभ 7105 रुपये है। क्रमशः अमित और रघु का लाभांश कितना है?

**(A)** 2450 रुपये और 2940 रुपये
**(B)** 2940 रुपये और 1715 रुपये
**(C)** 2450 रुपये और 1715 रुपये
**(D)** 2450 रुपये और 2715 रुपये
**(E)** इनमें से कोई नहीं

**51.** एक दुकानदार 1 किग्रा के स्थान पर 900 g धातु बेचता है। एक व्यक्ति 2 kg धातु अनुमानित रु. 459.93 में खरीदता है। यदि दुकानदार प्रति किलोग्राम (किग्रा) धातु के मूल्य को 10% अधिक अंकित करता, तो उसे कितना लाभ अर्जित होता?

**(A)** रु. 46 **(B)** रु. 92
**(C)** रु. 95.40 **(D)** रु. 86.50
**(E)** रु. 96.60

**52.** एक मिश्रण में, पानी की मात्रा, दूध की मात्रा की 3/7 गुनी है। यदि मिश्रण में 11 लीटर दूध और 27 लीटर पानी मिलाया जाता है, तो अनुपात 5:4 हो जाता है। पानी की प्रारंभिक मात्रा ज्ञात कीजिये।

**(A)** 21 लीटर **(B)** 24 लीटर
**(C)** 16 लीटर **(D)** 12 लीटर
**(E)** 10 लीटर

**53.** J और K की औसत कद 165 सेमी है तथा L और M की औसत कद 170 सेमी है। J की कद, K, L और M की औसत कद के 80% से 24 सेमी अधिक है, तो J की कद कितनी है?


**(A)** 160 सेमी **(B)** 168 सेमी
**(C)** 172 सेमी **(D)** 167 सेमी
**(E)** 158 सेमी

**54.** एक भिन्न में से '2' घटाने पर वह 5/6 हो जाता है। जब भिन्न के अंश में से '5' घटाया जाए और भिन्न के हर में '9' जोड़ा जाए, तो इस प्रकार प्राप्त भिन्न (इसके सरलतम रूप में) क्या होगा?

**(A)** 6/5 **(B)** 1/3
**(C)** 4/5 **(D)** 2/3
**(E)** 3/2

**निर्देश [55 – 60]:** आँकड़ों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

नीचे दिया गया रेखा आरेख तीन अस्पतालों (ICM, JHV, UFO) में चार शिफ्टों (I, II, III और IV) में काम करने वाली नर्सों की संख्या दर्शाता है:




**55.** JHV में शिफ्ट I और III में काम करने वाली नर्सों की संख्या, UFO में शिफ्ट IV और I में काम करने वाली नर्सों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?

**(A)** 56% **(B)** 23%
**(C)** 46% **(D)** 87%
**(E)** 63%

**56.** ICM में शिफ्ट IV में काम करने वाली नर्सों की संख्या और UFO में शिफ्ट I में काम करने वाली नर्सों की संख्या का अनुपात कितना है?

**(A)** 23: 12 **(B)** 22: 9
**(C)** 21: 11 **(D)** 21: 10
**(E)** 19: 8

**57.** JHV में शिफ्ट II में काम करने वाली नर्सों की संख्या और UFO में शिफ्ट III में काम करने वाली नर्सों की संख्या के बीच का अंतर कितना है?

**(A)** 30 **(B)** 44
**(C)** 20 **(D)** 32
**(E)** 24

**58.** JHV में शिफ्ट III में काम करने वाली नर्सों की संख्या, ICM में शिफ्ट I में काम करने वाली नर्सों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक या कम है?

**(A)** 60% **(B)** 20%
**(C)** 40% **(D)** 50%
**(E)** 25%

**59.** ICM में शिफ्ट II और III में काम करने वाली नर्सों की औसत संख्या कितनी है?

**(A)** 140 **(B)** 110
**(C)** 120 **(D)** 180
**(E)** 150

SCHOLARS ACADEMY

**60.** यदि JHV में शिफ्ट I और II में काम करने वाली 25% और 50% नर्सें विवाहित हैं, तो JHV में शिफ्ट I में काम करने वाली अविवाहित नर्सों की संख्या और JHV में शिफ्ट II में काम करने वाली अविवाहित नर्सों की संख्या के बीच का अंतर कितना है?

**(A)** 96 **(B)** 48
**(C)** 72 **(D)** 80
**(E)** 90

## अंग्रेजी भाषा

**Directions: (61-65):** In the following passage, some of the words have been left out and replaced by a blank represented by a letter. First read the passage and try to understand what it is about. Then fill in the blanks as per the questions given.

If you are the owner of a credit or a debit card, there is a non-negligible chance that you may be **___(A)___** to fraud, like millions of other people around the world. Credit card fraud is **____(B)______,** in part, because credit card transactions are a simple, two-step process: authorisation and settlement. In the beginning, those involved in the transaction send and receive information to **___(C)____** or reject a given purchase. If the purchase is authorised, it is **_____(D)_____** by an exchange of money, which usually takes place several days after the authorisation. Once a purchase had been authorised, there is no going back. That means that all fraud detection **____(E)____** must be done during the first step of a transaction.

**61.** (A)
**(A)** Reject **(B)** Deject
**(C)** Subject **(D)** Object
**(E)** Subjugate

**62.** (B)
**(A)** Mediated **(B)** Facilitated
**(C)** Deflated **(D)** Conflated
**(E)** Innate

**63.** (C)
**(A)** Premise **(B)** Authorise
**(C)** Excise **(D)** Surmise
**(E)** All can fit

**64.** (D)
**(A)** Secured **(B)** Evolved
**(C)** Settled **(D)** Curbed
**(E)** Recognised

**65.** (E)
**(A)** Consensus **(B)** Suggests
**(C)** Substitutes **(D)** Measures
**(E)** Eases

**66.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
**(A)** As one of the world's most
**(B)** popular beverage, coffee is
**(C)** crucial to the livelihoods of over
**(D)** 125 million people in more than 50 countries.
**(E)** No error

**67.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
**(A)** Most people will
**(B)** either choose or be
**(C)** require to change careers
**(D)** at least once in their lives.
**(E)** No error

**68.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
**(A)** Eastern philosophies had
**(B)** recognised the intimate connections
**(C)** between cognitive structures, emotional reactions,
**(D)** physical health and spiritual development.
**(E)** No error

**69.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
**(A)** It is hard to call it quits on a business
**(B)** venture, but entrepreneurs can still wind down
**(C)** a struggling startup while keeping
**(D)** there reputations and sanity intact
**(E)** No error

**70.** In the question below, a sentence is given with a part missing. From the options, choose the word that will fit in the sentence to make it correct.
When gains from technological change and globalisation are not widely _______ and social mobility is impaired, it breaks down trust and civility in society.
**(A)** modify **(B)** shared
**(C)** saved **(D)** replete
**(E)** None of the above

**71.** In the following questions two columns are given containing three Sentences/phrases each. In first column, sentences/phrases are A, B and C and in the second column the sentences/phrases are D, E and F. A sentence/phrase from the first column may or may not connect with another sentence/phrase from the second column to make a grammatically and contextually correct sentence. Each question has five options, four of which display the sequence(s) in which the sentences/phrases can be joined to form a grammatically and contextually correct sentence. If none of the options given forms a correct sentence after combining, mark (e), i.e. "None of these" as your answer.

SCHOLARS ACADEMY

| Column I | Column II |
|---|---|
| A. The industry associations have sought wider | D.from the wild,mainly for local use as food and medicine |
| B. Most commonly related species of these plants are collected | E.consultations with stakeholders before the bill is introduced in Parliament. |
| C. The entire distance will be covered from the coastline of Mandvi | F.emerging complex and interconnected development issues |

**(A)** Both (A-D) and (B-E) **(B)** Both (A-E) and (B-D)
**(C)** Both (B-D) and (C-D) **(D)** Only (A-E)
**(E)** None of these

**72.** In the question given below, a sentence with four words printed in bold type is given. One of these four words printed in bold may be either wrongly spelled or inappropriate in context of the sentence. Find out the word which is wrongly spelled or inappropriate if any. If all the words printed in bold are correctly spelled and also appropriate in the context of the sentence, mark (e) "All correct" as your answer.
Employees who don't finish assignments, for **instance**, or finish them late or poorly, or are themselves **routinely** late, miss meetings, and cancel appointments, are an/a **advantage** for other team members and an/a **liability** to their employers.
**(A)** instance **(B)** routinely
**(C)** advantage **(D)** liability
**(E)** All correct

**73.** In the following question, a sentence is given with certain words marked as (A), (B), (C), (D) and (E). Choose the option with the pair(s) of words that need to be interchanged to make the sentence grammatically and contextually correct. If no change is required, mark 'No change required' as your answer.
The **interviewees** (A) were **work** (B) about their **asked** (C) life, their life **balanced** (D) of work, and how they **outside** (E) the two.
**(A)** No change required **(B)** Only DE and BC
**(C)** Only AE **(D)** Only CD and BE
**(E)** Only BE

**74.** Which of the following phrases (1), (2), and (3) given below in each sentence should replace the phrase printed in bold letters to make the sentence grammatically correct? Choose the option which reflects the correct usage of phrase contextually and grammatically.
Petersen **fell through** financial difficulty in 1871 and died after being found on the lawn of the Smithsonian Institution following an opium overdose.
1. fell for
2. fell out
3. fell into
**(A)** Only 1 **(B)** Only 3
**(C)** Only 2 **(D)** Only 2 and 3
**(E)** All 1, 2 and 3

**75.** Which of the following phrases (I), (II), and (III) given below the sentence should replace the phrase printed in bold to make the sentence grammatically correct? Choose the best option among the five given alternatives that reflects the correct phrase(s) to be used in the sentence. If the sentence is correct as it is, mark 'No Improvement', as the answer.
Our analysis of district monthly expenditure statements **reveal that one of these districts** received its entire allocated budget in the period tracked.
I. reveal none of these districts
II. proves that one of these schools
III. showed that either districts
**(A)** Only III **(B)** All I, II and III
**(C)** Both II and III **(D)** Only II
**(E)** No Improvement

**76.** In the given question, a word has been given and there are three ways in which the word has been used, **in similar or different forms**. You need to see which of the sentences has/have correctly used the highlighted word, and mark that as your answer.
Part
I. This is the second **part** of the hit movie.
II. We have been invited as a family to take **part** in the Diwali celebration.
III. This **part** of the story is immensely interesting.
**(A)** Only I **(B)** Only II
**(C)** Only I, II **(D)** Only II, III
**(E)** All I, II, III

**77.** In the following question, match the statement from Column 1 with Column 2 and find which of the following pairs of statement/s given in the options is/are contextually and grammatically correct.

| COLUMN 1 | COLUMN 2 |
|---|---|
| A. The scientists are working on finding the cure for HIV | D. at least two times a day and use dental floss regularly. |
| B. I love the smell of new books which emanates from them | E. when we go to school on the first day of summer term. |
| C. Her dentist has advised her to brush | F. for four decades but there is still no solid treatment modality. |

**(A)** All A-D, B-F, C-E **(B)** Both A-D, C-F
**(C)** Only A-E **(D)** All A-F, B-E, C-D
**(E)** Both B-D, C-F

**78.** Match the statements from column 1 with column 2 and find which of the following pairs of statements given in the options make/s contextually and grammatically correct sense.

| COLUMN 1 | COLUMN 2 |
|---|---|
| A. The ongoing public health crisis is becoming an economic and social | D. commodity prices and export earnings plummet. |
| B. Billions of people afraid for the health of their loved ones | E. might therefore be expected to encourage unemployed educated people. |

SCHOLARS ACADEMY

| | |
|---|---|
| C. Emerging economies face financial and humanitarian distress as | F. crisis that demands a policy response. |

**(A)** BE **(B)** AD
**(C)** CD and AF **(D)** CE
**(E)** AE and CD

**79.** Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence. If no substitution is required, select 'No replacement required' as your answer.
She **would terrified** when she heard the eerie footsteps approaching closer.
**(A)** Has terrifying
**(B)** No replacement required
**(C)** Has terrified
**(D)** Was terrified
**(E)** Is terrifying

**80.** In the below question, a phrase is given along with four sentences as options. You have to check whether the usage of the given phrase makes the sentences grammatically correct and meaningful. In case the phrase is correctly used in all the sentences, mark E as your answer.
Put away
**(A)** The question is whether the people and the institutions succumb to pressure or**put away**to principle.
**(B)** Not enough people are taking professional advice or**puttingaway**sufficient money to have an adequate retirement income.
**(C)** Despite signs of incremental progress, India's $63-billion trade imbalance with China is**putting away**.
**(D)** The Chief Justice emphasised the transformative nature of the Constitution which was designed to**put away**a quantum change in the structure of governance.
**(E)** All are correct.

**81.** Which of the following phrases (A), (B), and (C) given below the sentence should replace the phrase printed in bold to make the sentence grammatically correct? Choose the best option among the five given alternatives that reflects the correct phrase(s) to be used in the sentence.
Afghanistan can be counted among those countries that **has impacted severe** with terrorism.
A. Have been impacted severely
B. Have suffered daily
C. Had suffering daily
**(A)** Only A **(B)** Only B
**(C)** Both B and C **(D)** Both A and C
**(E)** Both A and B

**82.** In the following question, a sentence is given, divided into five parts. One of the parts of the sentence is highlighted, which is free from errors. Out of the remaining four parts, one part may or may not contain an error. Mark the option containing the part with the error as the answer. If none of the parts have errors, mark 'No error' as your answer.
**Determined to be the drivers of**/ there lives, a growing number of women are (A)/ traversing a tough road to empowerment (B)/ by becoming professional chauffeurs, of (C)/ cars, two-wheelers and even buses (D).
**(A)** A **(B)** D
**(C)** A **(D)** C
**(E)** No error

**83.** In the following question, a sentence is given, divided into five parts. The part given in bold is grammatically and contextually correct. Out of the other four parts, one part may contain an error. Mark the part having an error as your answer. If none of the parts contain error, mark 'No error' as your answer.
In a world where biological (A) / science and equal rights have (B) / diversified ways to start a family, (C) / **platonic co-parenting remains** (D) / a relative new phenomenon. (E)
**(A)** E **(B)** C
**(C)** B **(D)** A
**(E)** No error

**84.** Read the sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part or more of the sentence. Choose the option with parts with no error as your answer. If there is no error, mark (e).
It is me (A)/ who is (B)/ responsible for (C)/ the safe custody of the money (D)/ seized yesterday at the airport. (E)
**(A)** ACDE
**(B)** ABDE
**(C)** BCDE
**(D)** Other than these options
**(E)** No error

**Directions [85-89]:** In the following question, a set of sentences is given, which when properly sequenced, form a coherent paragraph. Arrange the sentences in the correct sequence and answer the questions that follow.

**A.** In report after report, the Netherlands tops OECD countries for high life satisfaction among its young people.
**B.** Dr Simone de Roos, a researcher at the Netherlands Institute for Social Research (SCP), says he might have an answer.
**C.** It contrasts starkly with the picture in countries like Britain, where depression and anxiety are on the rise among teenagers.
**D.** So why is this flat, damp country of 17 million people with its history of Calvinism and colonialism so good at giving young people an optimistic outlook?
**E.** It also contrasts with the U.S., where the number of young people taking their own lives has risen sharply.

**85.** Which of the following will be the FIRST sentence after rearrangement?
**(A)** D **(B)** B
**(C)** A **(D)** E
**(E)** C

SCHOLARS ACADEMY

**86.** Which of the following will be the SECOND sentence after rearrangement?
**(A)** A **(B)** D
**(C)** C **(D)** E
**(E)** B

**87.** Which of the following will be the THIRD sentence after rearrangement?
**(A)** B **(B)** E
**(C)** C **(D)** D
**(E)** A

**88.** Which of the following will be the FOURTH sentence after rearrangement?
**(A)** C **(B)** A
**(C)** D **(D)** B
**(E)** E

**89.** Which of the following will be the FIFTH sentence after rearrangement?
**(A)** E **(B)** A
**(C)** D **(D)** B
**(E)** C

**90.** The sentence below has one/two blanks, each blank indicating that something has been omitted. Choose the words for each blank that best fits the meaning of the sentence as a whole.
The World Bank in its Doing Business 2017 report now ____ India 130 among 190 countries, just one _____ higher than last year.
**(A)** shows, point **(B)** classifies, tone
**(C)** categorizes, place **(D)** ranks, notch
**(E)** grades, scored

**91.** In the following question, a sentence is given with two blanks, that indicate that some parts are missing. Identify the correct pair of words that fit in the sentence to make it grammatically and contextually correct.
Not just railway operations but early morning air traffic ______ encountered a delay due to foggy conditions as air quality in some parts of the city ______ 'severe' category.
**(A)** excessive, attained **(B)** add, passed
**(C)** too, achievement **(D)** entire, reached
**(E)** also, touched

**Directions [92-99]:** Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Ethics, the branch of philosophy concerned with moral principles and values, is a subject of profound complexity and significance. It seeks to answer questions about what is right and wrong, good and bad, and how individuals and societies should navigate moral dilemmas. To understand ethics fully, one must delve into the rich landscape of moral theories.
One of the foundational theories in ethics is consequentialism. Consequentialism asserts that the morality of an action is determined by its outcomes. Utilitarianism, a **prominent** consequentialist theory, posits that the right action is the one that maximizes overall happiness or utility. However, critics argue that this theory can lead to morally questionable decisions if the end justifies the means.
In contrast, deontological ethics focuses on the **inherent** nature of actions rather than their consequences. Immanuel Kant's categorical imperative, a key deontological concept, suggests that actions are morally right if they can be universalized without contradiction. Deontology prioritizes principles like duty, rights, and respect for persons, but it can be criticized for being too rigid and unable to resolve moral conflicts.
Virtue ethics takes a different approach by emphasizing the development of virtuous character traits. Aristotle's virtue ethics suggests that the morally virtuous person acts in the right way at the right time and for the right reasons. While virtue ethics provides valuable insights into personal character and moral education, it may lack clear guidance in addressing specific ethical dilemmas.
Ethical relativism contends that morality is culturally or individually determined, leading to the belief that there are no universal moral truths. This theory acknowledges the diversity of moral beliefs across cultures but raises questions about whether moral progress is possible without shared principles.
Another prominent theory, social contract theory, explores the idea that individuals in a society agree to follow certain rules and norms for mutual benefit. This perspective underlies many legal and political systems, but it raises questions about the legitimacy of such agreements and the treatment of individuals who may not have consented to the social contract.
Feminist ethics, emerging from feminist philosophy, highlights the importance of gender and power dynamics in ethical analysis. It challenges traditional ethical theories for their male-centered perspectives and advocates for more inclusive and gender-sensitive moral frameworks.
Ethics is a field of ongoing debate and reflection, with each theory offering unique insights and limitations. Graduates entering diverse professional and societal contexts will encounter ethical dilemmas that require careful consideration and ethical reasoning. Understanding these foundational theories is essential for navigating the complex moral landscape of our world.

**92.** What criticism is often directed at deontological ethics?
**(A)** It demonstrates excessive inflexibility and difficulties in resolving moral dilemmas.
**(B)** It struggles to offer clear guidance when confronted with specific ethical questions.
**(C)** It overlooks the significance of gender and power dynamics.
**(D)** It disregards the existence of universally recognized moral principles.
**(E)** It concentrates solely on the ramifications of actions.

**93.** Which of the following words is the antonym of the word '**prominent**' that is emboldened in the passage?
**(A)** Inconspicuous **(B)** Bold
**(C)** Salient **(D)** Gaudy

SCHOLARS ACADEMY

**(E)** Overdone

**94.** Which of the following words is the synonym of the word '**inherent**' that is emboldened in the passage?
**(A)** Extrinsic **(B)** Innate
**(C)** Invalid **(D)** Inscribe
**(E)** Inarch

**95.** What fundamental principle does consequentialism rely on to determine the morality of an action?
**(A)** The evaluation of an action's consequences
**(B)** Assessing the inherent nature of actions
**(C)** Prioritizing duty, rights, and respect for individuals
**(D)** Focusing on personal character traits
**(E)** Emphasizing cultural and individual determinants of morality

**96.** According to Immanuel Kant's categorical imperative, when are actions considered morally right?
I. When they fail to generate widespread contentment and usefulness.
II. When they can be universally employed without encountering disagreements.
III. When they conform to culturally ascertained ethical norms.
**(A)** Only I **(B)** Only II
**(C)** Only III **(D)** Only I and II
**(E)** Only II and III

**97.** Why is understanding foundational ethical theories essential for graduates entering diverse professional and societal contexts?
**(A)** To question the different moral viewpoints within different cultures
**(B)** To highlight the ethical aspects of personal motivations
**(C)** To effectively handle intricate moral quandaries through ethical reasoning
**(D)** To explore the ethical perspectives of various historical philosophers
**(E)** To give precedence to individual inclinations over ethical obligations

**98.** Why do people in a society agree to follow specific rules according to the social contract theory?
I For shared interests
II To create clear ethical guidelines
III For resolving the ethical issues
**(A)** Only I **(B)** Only II
**(C)** Only III **(D)** Only I and II
**(E)** Only II and III

**99.** What fundamental concept underlies the idea of ethical relativism?
**(A)** A staunch faith in moral absolutism.
**(B)** A staunch faith in the inherent moral goodness of all human actions.
**(C)** The promotion of ethical egoism across cultures.
**(D)** The recognition of multiple moral perspectives across different cultures.
**(E)** The recognition of universal moral truths.

**100.** Match the statement/s from column 1 with column 2 and find which of the following pairs of statements given in the options make/s contextually and grammatically correct sense.

| Column I | Column II |
|---|---|
| A. While flow is a desirable state of mind, | D. finely attuned to prevailing social norms, are actually the result of particular kinds of education. |
| B. Aesthetic judgments can easily boil down to individual preferences, which, though perhaps | E. elusive capacity to illuminate our shared humanity. |
| C. Great works are great because of an evident yet | F. promoting it might not lead to desirable qualities of character. |

**(A)** Both AF & CD **(B)** Both AE & CF
**(C)** Both BD & CD **(D)** Only AD
**(E)** All AF, BD, & CE

SCHOLARS ACADEMY

**Space for rough work**

Name:

Mobile: Ph No:

Subject: Date of Exam:

| ROLL NO. | MOBILE NUMBER |
|---|---|
| 1 2 3 4 5 6 7 8 9 0 | 1 2 3 4 5 6 7 8 9 0 |

**Important Instructions**

Correct Method: A B ● D

Wrong Method

- Marks should be dark and completely fill the circle.
- Rough work must not be done on the answer sheet.
- Make the marks only in the space provided.
- Please do not make any stray marks on the answer sheet.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 A B C D | 21 A B C D | 41 A B C D | 61 A B C D | 81 A B C D |
| 2 A B C D | 22 A B C D | 42 A B C D | 62 A B C D | 82 A B C D |
| 3 A B C D | 23 A B C D | 43 A B C D | 63 A B C D | 83 A B C D |
| 4 A B C D | 24 A B C D | 44 A B C D | 64 A B C D | 84 A B C D |
| 5 A B C D | 25 A B C D | 45 A B C D | 65 A B C D | 85 A B C D |
| 6 A B C D | 26 A B C D | 46 A B C D | 66 A B C D | 86 A B C D |
| 7 A B C D | 27 A B C D | 47 A B C D | 67 A B C D | 87 A B C D |
| 8 A B C D | 28 A B C D | 48 A B C D | 68 A B C D | 88 A B C D |
| 9 A B C D | 29 A B C D | 49 A B C D | 69 A B C D | 89 A B C D |
| 10 A B C D | 30 A B C D | 50 A B C D | 70 A B C D | 90 A B C D |
| 11 A B C D | 31 A B C D | 51 A B C D | 71 A B C D | 91 A B C D |
| 12 A B C D | 32 A B C D | 52 A B C D | 72 A B C D | 92 A B C D |
| 13 A B C D | 33 A B C D | 53 A B C D | 73 A B C D | 93 A B C D |
| 14 A B C D | 34 A B C D | 54 A B C D | 74 A B C D | 94 A B C D |
| 15 A B C D | 35 A B C D | 55 A B C D | 75 A B C D | 95 A B C D |
| 16 A B C D | 36 A B C D | 56 A B C D | 76 A B C D | 96 A B C D |
| 17 A B C D | 37 A B C D | 57 A B C D | 77 A B C D | 97 A B C D |
| 18 A B C D | 38 A B C D | 58 A B C D | 78 A B C D | 98 A B C D |
| 19 A B C D | 39 A B C D | 59 A B C D | 79 A B C D | 99 A B C D |
| 20 A B C D | 40 A B C D | 60 A B C D | 80 A B C D | 100 A B C D |
| Correct | Correct | Correct | Correct | Correct |
| Incorrect | Incorrect | Incorrect | Incorrect | Incorrect |
| Marks | Marks | Marks | Marks | Marks |

| Student's Signature | Maximum Marks | Marks Obtained | Marks in % | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

SCHOLARS ACADEMY